# 24 न्यूज़ अपडेट
ई-न्यूज़

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 130



## GST स्लैब में बड़ा बदलाव, क्या अब आपके लिए घर खरीदना हो जाएगा सस्ता? जानिए एक्सपर्ट्स की राय



**24 न्यूज़ अपडेट**

नई दिल्लीः
सरकार ने जीएसटी (GST) सिस्टम को आसान बनाने के लिए एक बड़ा कदम बढ़ाया है. अब ज्यादातर सामान और सेवाओं पर सिर्फ दो टैक्स स्लैब होंगे 5% और 18%. जबकि लग्जरी और हानिकारक (sin) प्रोडक्ट्स पर 40% का विशेष टैक्स लगेगा. गुरुवार को ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (GoM) की अहम बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है. बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अगुवाई वाली इस बैठक में तय किया गया कि मौजूदा चार टैक्स स्लैब (5%, 12%, 18% और 28%) को घटाकर सिर्फ दो कर दिया जाएगा. इसके तहत 5% को मेरिट रेट माना जाएगा, जिसमें जरूरी सामान आएंगे. 18% को स्टैंडर्ड रेट माना जाएगा, जिसमें बाकी ज्यादातर सामान और सेवाएं शामिल होंगी. इसके अलावा, तंबाकू, सॉफ्ट ड्रिंक्स और फास्ट फूड जैसी चीजों पर 40% का सिन टैक्स रहेगा. माना जा रहा है कि इससे टैक्स स्ट्रक्चर आसान होगा और कॉम्प्लायंस भी बेहतर होगा. अब इस पर अंतिम फैसला सितंबर में जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में होगा.

### घर खरीदारों और डेवलपर्स पर असर

रियल एस्टेट सेक्टर की बात करें तो अभी अलग-अलग कंस्ट्रक्शन मटेरियल पर अलग-अलग जीएसटी लगता है. जैसे सीमेंट पर 28%, स्टील पर 18%, पेंट पर 28% और टाइल्स व सेनेटरी वेयर पर 18%. इन ऊंचे टैक्स रेट्स की वजह से डेवलपर्स की लागत बढ़ जाती है और इसका असर सीधे घर की कीमतों पर पड़ता है.

### क्या है एक्सपर्ट की राय?

फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक खबर के मुताबिक, एक्सपर्ट मानते हैं कि इस बदलाव से घरों की कीमतें कम हो सकती हैं. ओसवाल ग्रुप के चेयरमैन आदिश ओसवाल का कहना है कि सीमेंट और अन्य मटेरियल पर टैक्स घटने से डेवलपर्स की लागत कम होगी और मकान सस्ते हो सकते हैं. खासकर लुधियाना जैसे टियर-2 शहरों में खरीदारों की रुचि बढ़ सकती है.

एसएस ग्रुप के एमडी अशोक सिंह जौनपुरिया का मानना है कि कम टैक्स से डेवलपर्स को मार्जिन मिलेगा लेकिन असली फायदा तभी होगा जब यह बचत ग्राहकों तक पहुंचेगी. इससे खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा और मांग लंबे समय तक बनी रहेगी.

### NCR मार्केट की स्थिति

एनसीआर मार्केट में पहले ही जीएसटी ने पारदर्शिता लाई है. 2019 में अंडर-कंस्ट्रक्शन मकानों पर जीएसटी 12% (ITC के साथ) से घटाकर 5% (बिना ITC) कर दिया गया था. इसका असर यह हुआ कि खरीदारों का भरोसा लौटा और नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद जैसे इलाकों में बिक्री तेज हो गई. सिर्फ 2024 की पहली छमाही में ही एनसीआर में 38,200 घर बिके, जो पिछले साल से 25% ज्यादा है. हालांकि इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) न मिलने से डेवलपर्स को दिक्कत आती है और किफायती मकान बनाना चुनौती बना रहता है.

### ITC वापस लाने की मांग

टीआरजी ग्रुप के एमडी पवन शर्मा का कहना है कि आंशिक रूप से ITC वापस लाना जरूरी है. इससे घर खरीदारों को सस्ते घर मिलेंगे और डेवलपर्स को भी अच्छा मार्जिन मिलेगा ताकि वे बड़े पैमाने पर क्वालिटी वाले मकान बना सकें.


### किफायती बनाम लग्जरी हाउसिंग

एआईएल डेवलपर्स के संदीप अग्रवाल के मुताबिक नए टैक्स स्ट्रक्चर से कंस्ट्रक्शन कॉस्ट 10–20% तक घट सकती है, जिससे मेट्रो और टियर-2 शहरों में घरों की कीमतें किफायती हो सकती हैं. हालांकि लग्जरी हाउसिंग को लेकर चिंता बनी रहेगी.

एलीटप्रो इंफ्रा के फाउंडर वीरेन मेहता का कहना है कि लग्जरी घरों में विदेशी और महंगे मटेरियल का इस्तेमाल होता है. अगर उन पर 40% टैक्स लगा तो लागत काफी बढ़ जाएगी. एनसीआर और गुरुग्राम जैसे हाई-एंड मार्केट में मांग बनी रहेगी, लेकिन डेवलपर्स के लिए लागत संभालना मुश्किल होगा.

कुल मिलाकर, 5% और 18% जीएसटी स्लैब का प्रस्ताव घर खरीदारों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है. अगर डेवलपर्स टैक्स बचत का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाते हैं तो घर खरीदना सचमुच सस्ता हो सकता है. वहीं लग्जरी घरों पर 40% टैक्स खरीदारों और डेवलपर्स दोनों के लिए चुनौती बना रहेगा. अब सबकी नजरें जीएसटी काउंसिल की सितंबर की बैठक पर हैं, जहां इस पर अंतिम फैसला होगा

## OpenAI इस साल भारत में अपना पहला ऑफिस खोलेगीःलोकल टीम की हायरिंग शुरू की, इंडिया कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट




**24 न्यूज़ अपडेट**

चैटजीपीटी की पेरेंट कंपनी OpenAI ने शुक्रवार (22 अगस्त) को कहा कि वह इस साल के आखिरी तक भारत में अपना पहला ऑफिस नई दिल्ली में खोलेगी। कंपनी भारत में अपनी प्रेजेंस को मजबूत करना चाहती है। यूजर नंबर्स के हिसाब से भारत कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट है।

दिल्ली में ऑफिस किस लोकेशन पर खोला जाएगा, अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, OpenAI ने भारत में खुद को एक लीगल एंटिटी के रूप में स्थापित कर लिया है और एक डेडिकेटेड लोकल टीम की हायरिंग शुरू कर दी है। यह टीम लोकल पार्टनर्स, सरकारों, बिजनेसेज, डेवलपर्स और एकेडमिक इंस्टीट्यूशन के साथ रिलेशनशिप को मजबूत करेगी।

ऑल्टमैन ने कहा, 'भारत में AI के लिए एक्साइटमेंट और अपॉर्चुनिटी का लेवल अविश्वसनीय है। भारत में ग्लोबल AI लीडर बनने के लिए सभी जरूरी तत्व मौजूद हैं। इनमें टेक टैलेंट, वर्ल्ड क्लास डेवलपर इकोसिस्टम और इंडिया एआई मिशन में सरकार का सपोर्ट शामिल है।'

### भारत कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट

कंपनी ने कहा कि यूजर्स के लिहाज से अमेरिका के बाद भारत उसका दूसरा सबसे बड़ा मार्केट और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। पिछले एक साल में भारत में चैटजीपीटी के वीकली एक्टिव यूजर्स की संख्या चार गुना से भी ज्यादा बढ़ गई है।

## संसद भवन की सुरक्षा में सेंधः दीवार कूदकर अंदर घुसा युवक, सुरक्षा बलों ने पकड़ा



**24 न्यूज़ अपडेट**

नई दिल्ली। गुरुवार सुबह संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। एक युवक रेलभवन के पास पेड़ की मदद से दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया और सीधे गरुड़ द्वार तक पहुंच गया। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत उसे दबोच लिया और पूछताछ शुरू कर दी है।

### घटना के समय सांसद मौजूद नहीं थे

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 6:30 बजे हुई। उस समय संसद का मानसून सत्र पहले ही समाप्त हो चुका था और लोकसभा व राज्यसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस कारण परिसर में कोई सांसद मौजूद नहीं था।

### एक साल पहले भी घुसा था युवक

यह कोई पहली घटना नहीं है। ठीक एक साल पहले, 16 अगस्त 2024 को भी एक युवक संसद परिसर की दीवार फांदकर अंदर घुस आया था। दोपहर करीब 2:45 बजे वह इम्तियाज खान मार्ग की तरफ से संसद एनेक्सी भवन के कैंपस में कूद गया था। सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (CISF) के जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मानसिक रूप से अस्वस्थ पाया गया था आरोपी पिछली घटना में पकड़े गए युवक की पहचान अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) निवासी मनीष के रूप में हुई थी। वह शॉर्ट्स और टी-शर्ट में था और मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रहा था। उस समय उसके पास से कोई आपत्तिजनक सामान भी नहीं मिला था। लगातार दो वर्षों में संसद परिसर में घुसपैठ की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल गुरुवार को पकड़े गए आरोपी से सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

## सीएम पर हमले का CCTV फुटेज क्यों नहीं जारी? AAP ने पुलिस पर उठाए सवाल



**24 न्यूज़ अपडेट**

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर उनके आवास पर जनसुनवाई के दौरान हुए हमले के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (AAP) ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अब तक घटना का कोई CCTV फुटेज जारी नहीं किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, "पहले अरविंद केजरीवाल पर हुए हमलों में पुलिस वीडियो जारी करती थी, लेकिन इस बार चुप्पी साधी हुई है।" पुलिस कमिश्नर बदले हमले की घटना के एक दिन बाद गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया। दिल्ली पुलिस कमिश्नर एसबीके सिंह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया और उनकी जगह 1992 बैच के आईपीएस अफसर सतीश गोलचा को नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया। गोलचा 2020 में दिल्ली दंगों के दौरान स्पेशल पुलिस कमिश्नर रह चुके हैं और अप्रैल 2024 से डीजी (जेल) की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। राजकोट से जुड़े तारों की जांच हमले के आरोपी राजेशभाई खीमजी के नेटवर्क को खंगालने के लिए दिल्ली पुलिस ने उसके एक दोस्त को राजकोट से हिरासत में लिया है, जिसे देर शाम तक दिल्ली लाया जाएगा। पुलिस 10 ऐसे लोगों पर नजर रख रही है जो आरोपी के संपर्क में कॉल और चैट के जरिए थे। साथ ही राजकोट में मौजूद पुलिस टीम आरोपी के मोबाइल डेटा से जुड़े 5 लोगों के बयान दर्ज कर रही है।

### कैसे हुआ हमला

20 अगस्त की सुबह करीब 8:15 बजे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने आवास पर जनसुनवाई कर रही थीं। इसी दौरान राजेशभाई खीमजी नामक युवक वहां पहुंचा और अचानक उनके बाल खींचकर थप्पड़ जड़ दिया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया।

### आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस

राजेशभाई गुजरात के राजकोट का रहने वाला है और उस पर पहले से चाकूबाजी समेत 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे गिरफ्तार कर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। हालांकि गिरफ्तारी के समय उसके पास कोई हथियार नहीं मिला। मामले की जांच इंटेलिजेंस ब्यूरो और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल कर रही है।

## आज चांदी 1,216 महंगी हुई, सोने का दाम 211 चढ़ाः10 ग्राम 24 कैरेट सोना 99,358 में बिक रहा, इस साल 23 हजार महंगा हुआ



सोने-चांदी के दाम में आज यानी शुक्रवार, 22 अगस्त को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 211 रुपए बढ़कर 99,358 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कल सोना 98,147 पर था। वहीं 8 अगस्त को गोल्ड ने 1,01,406 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

चांदी की कीमत आज 1,216 रुपए बढ़कर 1,13,906 रुपए प्रति किलो हो गई। कल इसका भाव 1,12,690 रुपए पर था। 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 694 अंक नीचे 81,307 पर बंदःनिफ्टी भी 214 अंक टूटा; NSE के मेटल, बैंकिंग और FMCG इंडेक्स सबसे ज्यादा गिरे




**24 न्यूज़ अपडेट**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 22 अगस्त को सेंसेक्स 694 अंक गिरकर 81,307 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 214 अंक की गिरावट रही, ये 24,870 पर आ गया।

सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयरों में गिरावट रही, 7 ऊपर बंद हुए। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील सहित कुल 12 शेयरों में 1% से 2.5% तक की गिरावट रही। महिंद्रा, मारुति और BEL चढ़कर बंद हुए।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 42 में गिरावट और केवल 8 में तेजी रही। NSE के मेटल इंडेक्स में 1.25%, PSU बैंकिंग में 1.12%, प्राइवेट बैंक में 1.06% और FMCG में 1.00% की गिरावट रही। मीडिया, फार्मा और हेल्थकेयर में मामूली तेजी रही।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, नसबंदी और टीकाकरण के बाद ही छोड़े जाएंगे, खाना खिलाने के लिए अलग जगह बनेगी



**24 न्यूज़ अपडेट**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मुद्दे पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन कुत्तों को पकड़ा गया है उन्हें नसबंदी और टीकाकरण के बाद ही छोड़ा जाएगा। हालांकि, जो कुत्ते रेबीज से संक्रमित हैं या आक्रामक व्यवहार करते हैं, उन्हें छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

11 अगस्त के आदेश पर रोक कोर्ट ने 11 अगस्त के उस निर्देश पर रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। इस निर्णय के बाद अब केवल नसबंदी और वैक्सीनेशन पूरा होने पर ही कुत्तों को वापस छोड़ा जा सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए अलग से निर्धारित स्थान बनाए जाएंगे, ताकि अव्यवस्था और असुरक्षा की स्थिति न बने।

बेंच ने सुरक्षित रखा था फैसला 14 अगस्त को जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की स्पेशल बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पहले दिया गया था सख्त आदेश इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने 11 अगस्त को आदेश दिया था कि डॉग बाइट्स और रेबीज के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को आठ हफ्तों के भीतर दिल्ली-NCR के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम्स में भेजा जाए।

## संपादकीय : दुरुस्त आयद

इसमें कोई दोराय नहीं कि इंटरनेट के विस्तार के मौजूदा दौर में शायद ही कोई क्षेत्र बचा है, जिसमें इसकी भूमिका महत्त्वपूर्ण नहीं हो गई हो । मगर जितने व्यापक स्तर पर इसके सकारात्मक उपयोग का दायरा बढ़ा है, उसी के समांतर कुछ ऐसे क्षेत्र भी अपने पांव फैला रहे हैं, जो न केवल सामाजिक ढांचे को और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि बड़ी संख्या में लोग मनोवैज्ञानिक रूप से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं । 'आनलाइन रियल मनी गेमिंग' यानी धन आधारित आनलाइन खेल एक ऐसा ही चलन है, जिसने अब मनोरंजन की सीमा को पार करते हुए पैसे कमाने के लालच से उपजी लत और आर्थिक नुकसान का जटिल स्वरूप ग्रहण कर लिया है। भारी तादाद में लोग इसके जाल में फंस रहे हैं और अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। इसे लेकर पिछले काफी समय से चिंता जताई जा रही है, लेकिन सरकार ने इस पर लगाम लगाने या इसे विनियमित करने के बजाय इसके दूरगामी असर की अनदेखी की। इसके नतीजे अब खुल कर सबके सामने आ रहे हैं और चिंता की वजह बन रहे हैं। इसकी वजह से होने वाले नुकसान का दायरा व्यापक होते जाने के बाद अब जाकर खुद सरकार ने भी माना है कि 'आनलाइन रियल मनी गेमिंग' समाज के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इस पर लगाम लगाना वक्त की जरूरत है। अनुमान यह लगाया गया है कि धन-आधारित आनलाइन खेलों के चक्कर में करीब पैंतालीस करोड़ लोग हर वर्ष लगभग बीस हजार करोड़ रुपए गंवा देते हैं। इसकी लत की वजह से अब तक सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। त्रासद पक्ष यह भी है कि इस लत की वजह से आनलाइन खेलों के जरिए लोग पैसे कमाने की भूख में लगातार हारते जाते हैं और बाद में कई लोग आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। इसके नुकसानों को लेकर चिंता पहले भी जताई जाती रही है, अब देर से सही, लेकिन सरकार ने गेमिंग उद्योग के एक हिस्से से मिलने वाले राजस्व के सवाल को फिलहाल पीछे छोड़ते हुए समाज कल्याण को प्राथमिकता देना तय किया है। इस क्रम में आनलाइन गेम को विनियमित करने एवं शैक्षिक और सामाजिक आनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक विधेयक को लोकसभा में पारित कर दिया गया है। सही है कि सरकार आज धन आधारित आनलाइन गेमिंग को एक बड़ी बुराई बताते हुए इससे बचने की जरूरत बता रही है, मगर अफसोस की बात यह है कि जब ऐसे कथित खेल लोगों के बीच अपनी जगह बना रहे थे, उन्हें समाज से काट रहे थे और इसके बहुस्तरीय नकारात्मक नतीजे सामने आने लगे थे, तब इसके प्रति जताई जाने वाली फिक्र की अनदेखी की गई। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खुद सरकार ने 2023 में पैसे से जुड़े आनलाइन गेमिंग पर अट्ठाईस फीसद जीएसटी भी लगाया था जबकि यह छिपा नहीं है कि आनलाइन गेमों की लत की वजह से कितने युवाओं के सोचने-समझने की प्रक्रिया में तेजी से बदलाव आया है। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी हैं, जिनमें लगातार आनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली। इसलिए इसके मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी समझने की जरूरत है। धन-आधारित आनलाइन गेम को वैसे भी व्यवहार में जुए से अलग रूप में देखना मुश्किल है। मगर इस तक आसानी से पहुंच की वजह से इसका स्वरूप ज्यादा जटिल हो जाता है।

## धमकी का सिलसिला

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को बम से उड़ाने की बार-बार धमकियां क्यों मिल रही है ? विचित्र बात है कि ई-मेल से मिली धमकी की जांच पूरी भी नहीं होती कि एक और धमकी सामने आ जाती है। ई-मेल भेजने वालों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच सकी है। इससे साफ है कि हम डिजिटल भारत बनने का दम तो भरते हैं, लेकिन अब तक इस तरह के साइबर अपराधों पर लगाम लगाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। बुधवार को ई- मेल से दोबारा मिली धमकी ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारी तकनीकी दक्षता में कमी है या सुरक्षा तंत्र में कोई खामी है। इस बार पचास स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ऐसी लगभग हर धमकी के बाद सुरक्षा एजंसियां सघन तलाशी अभियान चलाती हैं, जिसमें उन्हें अफवाह पाया जाता है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी बत्तीस स्कूलों को इसी तरह ई-मेल भेज कर धमकी दी गई थी निश्चित तौर पर इन धमकियों से अभिभावकों की चिंता बढ़ जाती है। बच्चे भी नाहक तनाव में आ जाते हैं। इसकी गहराई से जांच किए जाने की जरूरत है कि इस तरह की अफवाह फैलाने के पीछे क्या कोई साजिश है या किसी संगठित गिरोह का कोई स्वार्थ है ? सही है कि ऐसी धमकियां अब तक झूठी साबित हुई हैं. लेकिन इसके सच होने की आशंका से एहतियात के तौर पर हर बार स्कूल परिसरों को खाली कराना अनिवार्य होता है। यह सुरक्षा एजंसियों के लिए तो चुनौती होती ही है, वहीं स्कूल प्रशासन को भी संयम से सभी बच्चों की सुरक्षा करनी पड़ती है। इससे उनकी पढ़ाई का भी नुकसान होता है। हैरत की बात है कि दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां हर बार मामले की छानबीन करती हैं, पर किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पातीं। यह समझना मुश्किल है कि फर्जी ई-मेल भेजने वाले आरोपी तक पहुंचना इतना मुश्किल क्यों होता है। पिछले वर्ष मई में भी तीन सौ स्कूलों को सामूहिक मेल भेजा गया था। वह कहां से आया, इसका पता आज तक नहीं चला। जबकि डिजिटल होती दुनिया में सरकारी तंत्र के लिए ऐसी धमकी भरे ईमेल भेजने वाले उसके स्रोत का पता लगाना मुश्किल नहीं होना चाहिए।

# खेलगांव में स्टेडियम, शूटिंग रेंज और जिम का निरीक्षण कर कलक्टर ने दिए दिशा-निर्देश



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 22 अगस्त। जिला कलक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार दोपहर चित्रकूट नगर स्थित महाराणा प्रताप खेलगांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के तहत चल रहे निर्माणाधीन खेल परिसरों और उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) व आरएसआरडीसी की ओर से जारी विकास कार्यों का सघन निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय यूडीए आयुक्त राहुल जैन, जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल, यूडीए व आरएसआरडीसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### ओपन व इनडोर जिम का निरीक्षण

कलक्टर मेहता दोपहर करीब सवा डेढ़ बजे खेलगांव पहुँचे। उन्होंने सबसे पहले नवनिर्मित इनडोर व ओपन जिम का अवलोकन किया और वहाँ लगे अत्याधुनिक उपकरणों व सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन जिम की व्यापक ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ी इसका लाभ उठा सकें। क्रिकेट स्टेडियम व पैवेलियन का अवलोकन कलक्टर ने क्रिकेट स्टेडियम व यूडीए की ओर से बन रहे पैवेलियन का निरीक्षण किया। आयुक्त जैन ने बताया कि पैवेलियन का निर्माण जनवरी 2026 तक पूर्ण होगा, जिसके बाद यहाँ बड़े टूर्नामेंट आयोजित कराए जा सकेंगे। कलक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित करने के निर्देश दिए

### शूटिंग रेंज में सुधार के निर्देश

उन्होंने 10 मीटर शूटिंग रेंज का अवलोकन किया और वहाँ अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों की तस्वीरें देखकर उनके बारे में जानकारी ली। कलक्टर ने प्रस्तावित 25 मीटर व 50 मीटर शूटिंग रेंज को पृथक-पृथक निर्मित करने के निर्देश दिए। कलक्टर मेहता ने एथलेटिक स्टेडियम का निरीक्षण कर खिलाड़ियों, विशेषकर महिला खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चेंजिंग रूम और सुविधा घर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉकी स्टेडियम का भी अवलोकन किया।

### निर्माणाधीन लेक्रोज ग्राउंड और स्केटिंग ट्रैक

मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत बन रहे लेक्रोज ग्राउंड का भी उन्होंने निरीक्षण किया और कार्य की गति तेज करने के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने ग्राउंड की पेराफेरी में स्केटिंग ट्रैक बनाने का सुझाव भी दिया। कलक्टर ने निर्माणाधीन मल्टीपरपज इनडोर स्टेडियम का अवलोकन किया और कहा कि इतना बड़ा खेल हॉल जयपुर के अलावा प्रदेश में सिर्फ उदयपुर में होगा। उन्होंने आरएसआरडीसी परियोजना निदेशक लालचंद वर्मा को शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने खेलगांव के सभी खेल स्टेडियम से होने वाली आय और रखरखाव पर होने वाले खर्च की जानकारी ली और जिला खेल अधिकारी को खेलवार आय-व्यय का अलग-अलग ब्यौरा तैयार करने के निर्देश दिए।

### जल संरक्षण पर जोर

कलक्टर ने परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और पुराने एनिकट का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि इतने बड़े कैम्पस में प्राकृतिक जल संरचना भी होनी चाहिए। इस पर यूडीए अधिकारियों को तालाबनुमा संरचना बनाने के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यूडीए मुख्य अभियंता संजय शर्मा, अधिशासी अभियंता नीरज माथुर, राजीव गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में जीएसटी विभाग की सबसे बड़ी कार्रवाई, पूर्व मंत्री रामलाल जाट के समधी के ठिकानों पर छापा



**24 न्यूज अपडेट**

भीलवाड़ा। पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट के समधी और रत्नाकर ग्रुप के मालिक शंकरलाल जाट के बिजनेस ठिकानों पर डायरेक्टोरेट जनरल जीएसटी इंटेलिजेंस जयपुर जोनल टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। अब तक की जांच में करीब 30 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी सामने आ चुकी है, जबकि विभाग को कुल 75 से 80 करोड़ रुपए तक के घोटाले का अंदेशा है। अधिकारियों के अनुसार रत्नाकर ग्रुप ने फर्जी चालानों और बिलिंग के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की। इस खेल से सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ। शुरुआती कार्रवाई के तहत विभाग ने ग्रुप पर 18 करोड़ रुपए तुरंत जमा कराने का दबाव बनाया है, अन्यथा गिरफ्तारी की संभावना से इनकार नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि डिपार्टमेंट की अलग-अलग टीमें भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप के दफ्तरों और अन्य ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। ग्रुप से जुड़े कई लोगों से पूछताछ की जा रही है और संदेह है कि यह नेटवर्क राजस्थान के कई जिलों तक फैला हुआ है। जल्द ही कुछ और कारोबारी भी विभाग की जांच के घेरे में आ सकते हैं। इस कार्रवाई से न सिर्फ स्थानीय व्यापारिक हलकों में हड़कंप मच गया है बल्कि राजनीतिक गलियारों में भी हलचल बढ़ गई है, क्योंकि मामला सीधे पूर्व मंत्री के रिश्तेदार से जुड़ा है। कारोबारी वर्ग इसे अब तक की सबसे बड़ी जीएसटी रेड मान रहे हैं। शुक्रवार को भी रत्नाकर ग्रुप के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है।

# क्लिनिक में गलत इंजेक्शन से मौत, 10 लाख मुआवजे पर थमा विवाद




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। फलासिया थाना क्षेत्र में निजी क्लिनिक पर गलत इंजेक्शन लगाए जाने से हुई मौत के बाद दूसरे दिन हालात सामान्य हो सके। शुक्रवार को प्रशासन की मौजूदगी में मृतक अर्जुनलाल गरासिया के परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। समझौते के तहत परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इलाज के दौरान गई जान आमड़ा गांव निवासी अर्जुनलाल (44) गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ फलासिया बस स्टैंड स्थित शंभू मेडिकल पर दांत का इलाज कराने पहुंचे थे। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें इंजेक्शन दिया, जिसके कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और क्लिनिक के बाहर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन मृतक के गरीब परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीण देर रात तक डटे रहे। बाप पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी दिनेश पांडोर ने भी पीड़ित परिवार का पक्ष रखते हुए डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और परिजनों के लिए उचित मुआवजा व कानूनी कार्रवाई की मांग की। दवाएं जब्त, डॉक्टर पर मामला दर्ज सीएमएचओ डॉ. अशोक आदित्य ने बताया कि शंभू मेडिकल की जांच की गई, जहां से संदिग्ध दवाएं जब्त कर ली गई हैं। आरोपी डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में झोलाछाप और अवैध रूप से चल रहे क्लिनिकों पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की मध्यस्थता के बाद समझौते पर सहमति बनने से मृतक का पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# नाइट राइडर गैंग के 2 आरोपी गिरफ्तार, चोरी की 3 बाइक बरामद



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर। दोवड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले नाइट राइडर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक भी जब्त की हैं। आरोपी शौक मौज-मस्ती के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। थानाधिकारी तेजकरण सिंह चारण ने बताया कि हीरालाल पुत्र कनूलाल कटारा निवासी डोजा तलैया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह फलोज गांव में प्रकाश पुत्र पेमजी पटेल के किराए के मकान में रहता है। 8 अगस्त की रात उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी और अंदर जाकर सो गया। सुबह उठने पर बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। गहन पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी राकेश (22) पुत्र गटू ननोमा मीणा निवासी मूंगाणा और गोविंद (20) पुत्र बंशीलाल कटारा निवासी मनपुर फला सुथारिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदातें स्वीकार कर लीं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन चोरी की बाइक बरामद की हैं। उन्होंने कबूल किया कि फलोज गांव में एक घर के बाहर, कृषि विज्ञान केंद्र और मनपुर से बाइक चोरी की थी।

# श्री परशुराम चौराहे पर चोरों की धमाल, व्यापारियों में रोष, गश्त बंद, सीसीटीवी भी नहीं कर रहे काम



**24 न्यूज अपडेट**

शहर के व्यस्त इलाके श्री परशुराम चौराहे पर बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। देर रात करीब 2 बजकर 38 मिनट पर अज्ञात चोरों ने चार केबिन में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इनमें से एक दुकान से तीन हजार रुपये नकद, दूसरी से दस हजार रुपये नकद ले गए जबकि तीसरी दुकान में कुछ नहीं मिला, हालांकि चोरी का प्रयास किया गया। घटना के समय चौराहे पर स्थित मकानों के सीसीटीवी कैमरों में एक युवक चोरी करते हुए साफ नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि अभय कमांड सेंटर के कैमरे लंबे समय से बंद पड़े हैं। व्यापारियों ने नए कैमरे लगाने की मांग उठाई है। परशुराम व्यापार संघ के महामंत्री प्रवीण नरवरिया ने बताया कि पहले इस क्षेत्र में पुलिस गश्त नियमित होती थी लेकिन अब इसे बंद कर दिया गया है। यदि गश्त जारी रहती तो शायद अपराधियों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते। उन्होंने मांग की है कि क्षेत्र में तुरंत गश्त बढ़ाई जाए ताकि व्यापारी सुरक्षित महसूस कर सकें। व्यापारियों ने थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कृषि मंडी व्यापारियों पर यूजर चार्ज का विरोध, आंदोलन के समर्थन में माकपा




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 22 अगस्त। राज्य सरकार द्वारा कृषि मंडी व्यापारियों के खुदरा व्यापार पर यूजर चार्ज लगाने के फैसले का माकपा जिला सचिव एवं पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इस फैसले को किसानों और छोटे व्यापारियों के खिलाफ बताया और मंडी व्यापारियों के आंदोलन का समर्थन जताया। सिंघवी ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नीतियों से मॉल संस्कृति को बढ़ावा देकर छोटे व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ओर तो "लोकल फॉर वोकल" का नारा देती है, लेकिन हकीकत में विदेशी उद्योगों और व्यापारियों को राहत देकर देशी व्यापारियों पर बोझ डाल रही है। सिंघवी ने कहा— "भाजपा को व्यापारियों की पार्टी कहा जाता है, लेकिन अब साफ हो गया है कि वह देशी व्यापारियों की नहीं बल्कि अंबानी-अडानी जैसे पूंजीपतियों की पार्टी है। सरकार के इस कदम से आम उपभोक्ताओं पर भी भारी असर पड़ेगा।"

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
**desk24newsupdate@gmail.com**

# राजस्थान में फर्जी अलर्ट मैसेज भेजकर फ्रॉड हो रहा:फोन और कंप्यूटर को लॉक कर पैसे की मांग करते, निजी जानकारी चुरा रहे



**24 न्यूज अपडेट**

राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने आमजन को साइबर क्रिमिनल्स से बचाने के लिए एक नई एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में 'अलर्ट स्कैम' और अन्य साइबर फ्रॉड के तरीकों के बारे में बताया गया है। इनसे अपराधी लोगों को निशाना बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर फेक अलर्ट भेजकर डाटा चोरी कर रुपयों की डिमांड की जा रही है।

एसपी (साइबर क्राइम) शांतनु कुमार सिंह ने बताया- साइबर क्रिमिनल्स फेक वेबसाइट्स, मैलवेयर, फिशिंग और धोखाधड़ी के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं। ये हमले आमतौर पर स्मार्टफोन, लैपटॉप, बैंकिंग ऐप्स या सोशल मीडिया पर फर्जी अलर्ट भेजकर किए जाते हैं।

### साइबर फ्रॉड के तरीके

फिशिंग और स्मिशिंग: अपराधी बैंकों, आधार, पैन या कूरियर सेवाओं के नाम पर फेक ईमेल या SMS भेजते हैं।

रैंसमवेयर: खतरनाक ऐप्स या डाउनलोड के जरिए आपके फोन या कंप्यूटर को लॉक कर पैसे की मांग की जाती है।

फर्जी नौकरी और लोन ऑफर: वॉट्सऐप, टेलीग्राम या वेबसाइट्स पर आसान नौकरी या तुरंत लोन देने का लालच देकर निजी जानकारी चुराई जाती है।

**मालिशियस ऐप्स:** थर्ड-पार्टी स्टोर्स से डाउनलोड किए गए ये ऐप्स आपका डेटा चुरा सकते हैं। आपके डिवाइस का नियंत्रण अपने हाथ में ले सकते हैं।

### इनसे ऐसे बचें

अनजान लिंक पर क्लिक न करें: किसी भी संदिग्ध SMS, ई-मेल या मैसेज में आए लिंक की जांच करें।

**निजी जानकारी साझा न करें:** अपना ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें।

यूआरएल जांचें: किसी भी ऑनलाइन पेज पर जानकारी भरने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि यूआरएल "https://" से शुरू हो रहा हो।

केवल आधिकारिक ऐप स्टोर का उपयोग करें: ऐप्स को सिर्फ गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ही डाउनलोड करें और उन्हें अनावश्यक अनुमतियां न दें।

**सतर्क रहें:** अज्ञात क्यूआर कोड को स्कैन न करें। मजबूत और अलग-अलग पासवर्ड का उपयोग करें। जहां संभव हो, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) चालू रखें।

नियमित रूप से अपडेट करें: अपने फोन और ऐप्स को हमेशा अपडेटेड रखें।

यदि आप इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आप नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन, या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in पर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा, आप साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या 9256001930/9257510100 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# त्योहार से पहले सरस घी महंगा, आरसीडीएफ ने दाम 20 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ाए




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। त्योहारों के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) ने सरस घी की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें शुक्रवार से पूरे प्रदेश में लागू हो गई हैं। एक लीटर पैक पर 20 रुपए की बढ़ोतरी सामान्य सरस घी का एक लीटर पैक अब 568 रुपए की जगह 588 रुपए एमआरपी पर मिलेगा। वहीं, गाय के घी का एक लीटर पैक 588 रुपए की जगह 608 रुपए में उपलब्ध होगा। 15 किलो के टिन पर 300 रुपए महंगा नॉर्मल घी का 15 किलो का टिन पैक अब 623 रुपए प्रति किलो की बजाय 643 रुपए प्रति किलो की दर से मिलेगा। इसकी कुल कीमत 9645 रुपए हो गई है। इसी तरह, गाय के घी का 15 किलो का टिन 663 रुपए प्रति किलो की दर से मिलेगा, जिसकी कुल कीमत 9945 रुपए हो गई है। यानी टिन पैक पर 300 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है।

### आरसीडीएफ करता है घी के दाम तय

राजस्थान में सरस घी की कीमतें आरसीडीएफ तय करता है, जबकि दूध के दाम जिला डेयरी संघ अपने-अपने स्तर पर निर्धारित करते हैं।

# अपराध से बरी सरकारी कर्मचारी को जेल अवधि का मिलेगा वेतन और परिलाभ: राजस्थान हाईकोर्ट



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश देते हुए कहा है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी किसी अपराध में बरी हो जाता है, तो उसे न्यायिक अभिरक्षा में बिताई गई अवधि का पूरा वेतन और समस्त परिलाभ दिए जाएंगे।

### कांस्टेबल हरभजन सिंह का मामला

यह आदेश हाईकोर्ट ने कांस्टेबल हरभजन सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। सिंह को रेप और एससी-एसटी एक्ट के मामले में ट्रायल कोर्ट ने बरी कर दिया था। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने उनके करीब दो साल की जेल अवधि का वेतन और सभी परिलाभ देने के निर्देश दिए। साथ ही विभाग का यह आदेश भी रद्द कर दिया कि इस अवधि को अवैतनिक अवकाश माना जाए।

### 23 साल बाद मिलेगा बकाया वेतन

याचिकाकर्ता के एडवोकेट सुनील समदड़िया ने अदालत को बताया कि कॉन्स्टेबल को 21 अगस्त 2000 को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया था। बाद में ट्रायल कोर्ट ने 1 अगस्त 2002 को उसे बरी कर दिया। विभाग ने 11 सितम्बर 2002 को निलंबन रद्द किया, लेकिन 21 अगस्त 2000 से 1 अगस्त 2002 तक की अवधि को अनुपस्थित मानकर अवैतनिक अवकाश घोषित कर दिया। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट के इस आदेश से यह साफ हो गया है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी अदालत से दोषमुक्त पाया जाता है, तो उसे न्यायिक अभिरक्षा में बिताए गए समय का आर्थिक और सेवा संबंधी अधिकार मिलना सुनिश्चित होगा।

# अलवर के तीन सरकारी डॉक्टर सस्पेंड:RGHS घोटाले में मित्तल हॉस्पिटल के डॉक्टर और कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**24 न्यूज अपडेट**

RGHS में हुए घोटाले की जांच के बाद सरकार ने प्रदेश के 5 डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया। इनमें तीन अलवर जिले के हैं। वहीं, अलवर के एक निजी हॉस्पिटल के स्टाफ व मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। कुल 5 चिकित्सकों सहित 9 कार्मिक सस्पेंड किए हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया- गहनता से जांच के बाद सख्त कार्रवाई करते हुए 9 कार्मिकों को निलंबित किया गया है। इनमें दो आयुर्वेद चिकित्सक सहित 5 डॉक्टर शामिल हैं।

राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया- कार्रवाई के क्रम में आरजीएचएस में अनियमितता पर राजकीय आयुर्वेद डीबी सामान्य चिकित्सालय चूरू की आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. कविता धनखड़ एवं डॉ. पवन जांगिड़, सीएचसी बीबरानी, खैरथल-तिजारा की चिकित्सक डॉ. मनीषा, जिला चिकित्सालय अलवर के डॉ. नरसीलाल पचौरी, टीबीसी अलवर के डॉ. कपिल भारद्वाज, राजकीय आयुर्वेद औषधालय नाहरी का नाका के कम्पाउण्डर मदन मोहन पांडे, आयुर्वेद औषधालय बालेटा अलवर के कंपाउण्डर चंद्रशेखर जाटव, कार्यालय उप निदेशक आयुर्वेद विभाग जयपुर के परिचारक मोहसिन खान और जल संसाधन विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेश कुमार महावर को निलंबित किया गया है।

### एक ही कार्ड पर ओपीडी में 26 लाख का उपचार

इसी प्रकार राजस्थान पेंशनर्स एसोसिएशन मेडिकल स्टोर, कम्पनी बाग रोड, अलवर, मित्तल हॉस्पिटल, चिकित्सकों एवं कार्ड धारी कार्मिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। प्रकरण में कार्मिक, चिकित्सकों एवं फार्मा स्टोर की मिलीभगत कर कूटरचित ओपीडी पर्चा तैयार किया जाता था। दवा के स्थान पर फार्मा स्टोर से अन्य सामग्री ली जाती थी। इस कार्मिक के कार्ड से एक वर्ष में ही ओपीडी के जरिए करीब 26 लाख 70 हजार का उपचार एवं दवाएं आदि का लाभ लिया।

### PHED के अफसर और सर्जन हरीश कुमार की मिलीभगत

पीएचईडी (जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग) अलवर में करोड़ों की गड़बड़ी हुई। स्वास्थ्य विभाग ने एफआईआर कराई। जिसमें आरोप है कि विभागीय अधिकारियों ने दवाइयों व अन्य चिकित्सा सामग्री की खरीद के नाम पर 26 लाख 70 हजार 233 रुपए का गबन किया है।

शिकायत के अनुसार यह राशि मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना के तहत खर्च दिखाकर निकाली गई लेकिन मौके पर न तो दवाइयां खरीदी गई और न ही किसी मेडिकल स्टोर पर उसका रिकॉर्ड मिला। जांच में सामने आया कि पीएचईडी सब डिवीजन नंबर-1 में कार्यरत अभियंता व संबंधित अधिकारी-विभागीय अभियंता ए.एन. पी.एच.ई.डी. सब डिवीजन नंबर-1 उमैरण, डॉ. सीपी गुप्ता, चीफ मेडिकल एंड हेल्थ ऑफिसर, अलवर, सिविल सर्जन डॉ. हरीश कुमारतथा अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों ने मिलीभगत कर यह गड़बड़ी की।

# 25 अगस्त से निजी अस्पताल बंद करेंगे आरजीएचएस सुविधाएं, सरकार को अल्टीमेटम




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों के लिए परेशानी खड़ी हो सकती है। प्रदेशभर के करीब 700 निजी अस्पतालों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे 25 अगस्त से राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के तहत मिलने वाली सुविधाएं बंद कर देंगे। भुगतान में देरी और बिलों में कटौती का आरोप राजस्थान एलायंस ऑफ ऑल हॉस्पिटल एसोसिएशन ने शुक्रवार को साफ कहा कि आरजीएचएस के तहत इलाज करने वाले अस्पतालों और फार्मा स्टोर्स को लंबे समय से भुगतान नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं, जब भुगतान होता है तो बेवजह बिलों में कटौती कर दी जाती है। इन हालातों से निजी सेक्टर के अस्पताल और दवा विक्रेता दोनों ही परेशान हैं।

### शिकायतों पर नहीं हो रही कार्रवाई

एसोसिएशन ने बताया कि इस संबंध में कई बार सरकार को शिकायतें सौंपी जा चुकी हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। मजबूरी में 25 अगस्त से आरजीएचएस के तहत ओपीडी, आईपीडी और दवाइयों की आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### पहले भी दी थी चेतावनी

गौरतलब है कि जुलाई में भी निजी अस्पताल संचालकों ने आरजीएचएस सेवाएं बंद करने का ऐलान किया था। हालांकि, 14 जुलाई को हेल्थ डिपार्टमेंट की प्रमुख शासन सचिव से बातचीत के बाद उन्होंने अपना निर्णय टाल दिया था। लेकिन अब दोबारा सेवाएं बंद करने की चेतावनी ने सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों की चिंता बढ़ा दी है।

# प्रतापगढ़ में पुलिस पर जानलेवा हमला: 6 महिलाएँ गिरफ्तार, मौताणा विवाद में हिंसा का मामला




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 22 अगस्त। प्रतापगढ़ जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के दिवाला गाँव में पुलिस जाप्ते पर जानलेवा हमला करने और सरकारी कामकाज में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने 6 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इस घटना में कुछ अन्य आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में की गई है।

एसपी आदित्य ने बताया कि 11 अगस्त 2025 को कोटड़ी थाना क्षेत्र के दिवाला गाँव में गौतम पुत्र जीवा मीणा की मृत्यु हो गई थी। 21 अगस्त को मृतक के परिजन और रिश्तेदारों ने मौताणा की मांग को लेकर मांगीलाल पुत्र जीवा मीणा और राहुल पुत्र पुरण मीणा के घर पर हमला कर दिया। उन्होंने तोड़फोड़, आगजनी और लूटपाट का प्रयास किया।

सूचना मिलने पर कोटड़ी थाने से हेड कांस्टेबल बहादुर सिंह और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुँचे। पुलिस जाप्ते को देखते ही वहाँ मौजूद महिलाओं और पुरुषों ने, जिनके हाथों में लाठी, पत्थर और कुल्हाड़ियाँ थीं, एकराय होकर पुलिस टीम को घेर लिया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आईं और सरकारी जीप को भी नुकसान पहुँचा।

पुलिस ने इस मामले में 6 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान पेपाबाई मीणा पत्नी अम्बा लाल (43) निवासी चाचाखेड़ी थाना अरनोद, कुशीबाई मीणा पत्नी मेधा(40) निवासी कनाड़ा थाना अरनोद, मोहनीबाई मीणा पत्नी लक्ष्मण (41) निवासी डोडियारखेड़ी थाना प्रतापगढ़, पूजा मीणा पत्नी (25) निवासी डोरना भालोट नई आबादी मंदसौर, निर्मला मीणा पत्नी गौतम (32) और धापुड़ीबाई पत्नी जीवा (55) निवासी दिवाला थाना कोटड़ी के रूप में हुई है।

इन सभी पर भारतीय न्याय संहिता 2023 और पीडीपीपी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इस मामले को सुलझाने के लिए थानाधिकारी कोटड़ी, अरनोद, सालमगढ़, प्रतापगढ़, हथुनिया, और रठांजना के पुलिस जाप्ते की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था।

# खाटू श्याम जी मेले पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष रेलसेवाएँ



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। रेलवे ने खाटू श्याम जी के श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलसेवाओं का संचालन करने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी तथा जयपुर-भिवानी-जयपुर मार्ग पर एक्सप्रेस स्पेशल गाड़ियाँ चलाई जाएंगी। रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल 23 और 24 अगस्त 2025 को (दो ट्रिप) रेवाड़ी से रात 22:50 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 01:35 बजे रींगस पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 09634 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल 24 और 25 अगस्त 2025 को (दो ट्रिप) रींगस से रात 02:20 बजे रवाना होकर सुबह 05:20 बजे रेवाड़ी पहुँचेगी। यह सेवा नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कावंट और श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहरेगी। इसमें डेमू रैक के 16 डिब्बे होंगे। जयपुर-भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी एक्सप्रेस स्पेशल 23 और 24 अगस्त 2025 को (दो ट्रिप) सुबह 07:00 बजे जयपुर से रवाना होकर दोपहर 14:20 बजे भिवानी पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 09734 भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल 23 और 24 अगस्त 2025 को (दो ट्रिप) शाम 16:05 बजे भिवानी से रवाना होकर रात 23:25 बजे जयपुर पहुँचेगी। यह रेलसेवा ढेहर का बालाजी, नींदर बैनाड, चौमू सामोद, गोविंदगढ़ मलिकपुर, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, नीम का थाना, मांवड़ा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, रेवाड़ी, कोसली, झाडली और चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहरेगी। इसमें 09 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बे होंगे।

# इंस्टाग्राम रील के लिए बिजली गुल, ट्रांसफार्मर पर चढ़े युवक, चार गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

बाड़मेर। सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाहत ने युवकों को सलाखों तक पहुँचा दिया। बाड़मेर जिले के सेड़वा थाना क्षेत्र में एक इन्फ्लुएंसर ने इंस्टाग्राम रील बनाने के लिए बिजली विभाग को झूठी सूचना देकर सप्लाई बंद करवाई और फिर ट्रांसफार्मर पर चढ़कर कॉमेडी वीडियो शूट किया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### ऐसे रचा गया नाटक

शोभाला दर्शन गांव निवासी लूणाराम जांगिड़ उर्फ यश, जो इंस्टाग्राम पर 'यश सुथार' नाम से वीडियो बनाता है और जिसके 4.76 लाख फॉलोअर्स हैं, ने 15 अगस्त को एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें बिजली कटने, ट्रांसफार्मर में खराबी और मरम्मत का नाटक दिखाया गया। एक दृश्य में वह ट्रांसफार्मर से गिरता है और अगले पल "कंकाल" बनकर नजर आता है। डिस्कॉम को गुमराह कर लिया शटडाउन जांच में सामने आया कि लूणाराम के साथी ने सब-स्टेशन पर फोन कर स्पार्किंग की फर्जी सूचना दी। इस पर कर्मचारी ने बिजली बंद कर दी। इसी दौरान युवकों ने ट्रांसफार्मर पर चढ़कर वीडियो शूट कर लिया और बाद में सप्लाई बहाल करवाई। वीडियो वायरल होने पर सेड़वा के एईएन अनिल विश्नोई ने शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने लूणाराम समेत चार लोगों को बीएनएस की धारा 189 में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहाँ से उन्हें जमानत मिल गई। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कृत्य विभाग की छवि को धूमिल करते हैं और किसी बड़ी दुर्घटना का कारण भी बन सकते थे।

# भाजपा शहर जिला की नई कार्यकारिणी की बैठक, समार बोले-व्यक्ति आते-जाते हैं, कार्यकर्ता कभी पुराना नहीं होता, भाजपा कार्यकर्ता टिकाऊ है, बिकाऊ नहीं




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपर। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा आज देश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। व्यक्ति आते-जाते रहते हैं, लेकिन यदि पार्टी को सर्वोच्च मानकर कार्य किया जाये तो कभी विफलता नहीं मिलेगी। यह विचार शुक्रवार को पटेल सर्कल स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर जिला की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक में जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी में जमीनी स्तर के प्रत्येक वर्ग के कार्यकर्ताओं को अवसर दिया गया है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। पद के साथ पदाधिकारियों में अभिमान नहीं आना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि जब तक समाज की पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से नहीं जोड़ा जायेगा, तब तक देश की उन्नति संभव नहीं है। इसी विचारधारा के आधार पर जनसंघ की स्थापना की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक एवं प्रभारी बंशीलाल खटीक ने कहा कि हम सत्ता के लिए राजनीति में नहीं आये हैं, बल्कि मां भारती की सेवा के लिए इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। संगठन सर्वोपरि है और हमें गर्व होना चाहिए कि हमें पार्टी ने यह अवसर दिया। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने कहा कि पार्टी ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, सुंदर सिंह भंडारी और भैरोसिंह शेखावत जैसे कई युग देखे हैं। संगठन अपनी गति से चलता है। व्यक्ति आते-जाते हैं लेकिन कार्यकर्ता कभी पुराना नहीं होता। पार्टी में सभी को समान अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है, और कार्यकर्ताओं के दम पर हम 80 की 80 सीटें जीतेंगे। भाजपा कार्यकर्ता टिकाऊ है, बिकाऊ नहीं। ग्रामीण विधायक फुल सिंह मीणा ने कहा कि यह हमारा सातवां बोर्ड बनने जा रहा है। दायित्व बड़ा या छोटा नहीं होता। जिन्हें पद नहीं मिला है, उन्हें भी साथ लेकर चलना चाहिए। संगठन है तो हम हैं। महामंत्री पारस सिंघवी ने कहा कि राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं होता। दीर्घकालिक योजना बनाकर कार्य करना पड़ता है। अतिशीघ्र कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा की रीति-नीति से नवीन कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जायेगा। महामंत्री देवीलाल सालवी ने बताया कि बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद सभी पदाधिकारियों का उपरणा पहना कर सम्मान किया गया। बैठक में सभी मंडल एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी सीमा चम्पावत ने जानकारी दी कि बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता पिंकी मांडावत, तख्तसिंह शक्तावत, दिलिप सिंह राठौड़, देवनारायण धाबाई, मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा, रणजीत दिग्पाल, मुकेश जोशी, विजय आहुजा, कन्हैयालाल वैष्णव, कमलेश शर्मा, सुनील चौधरी, महेश गोस्वामी, रुचिका जैन, प्रताप सिंह राठौड़, अमृत मेनारिया, महामंत्री पंकज बोराणा, हंसा माली, जगदीश शर्मा, तुषार मेहता, मनोहर चौधरी, गोविंद्र दीक्षित, किरण तातेड, डॉ. जिनेंद्र शास्त्री, प्रकाश अग्रवाल, सपना कुर्डिया, करण सिंह शक्तावत, शैलेन्द्र चौहान, हीरालाल डांगी, बाबूलाल ओड, खुशबू मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक का संचालन पारस सिंघवी ने किया तथा आभार देवीलाल सालवी ने व्यक्त किया।


# उदयपुर देहात जिला कांग्रेस ने दो पंचायत समिति उपचुनावों में जीत को जनता की जीत बताया



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले में हाल ही में सम्पन्न तीन पंचायत समिति उपचुनावों में से दो पर कांग्रेस की जीत को जनता की जीत करार देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष हीरा लाल दरांगी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव लाल सिंह झाला और जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संजीव राजपुरोहित ने संयुक्त वक्तव्य जारी कर कहा कि गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र की सायरा पंचायत समिति वार्ड संख्या 6 तथा झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र की झाड़ोल पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 में कांग्रेस की विजय आमजन के विश्वास और समर्थन का परिणाम है। नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले डेढ़ वर्ष से अधिक समय से राज्य में चल रही "पर्ची सरकार" की हकीकत अब जनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों में भी प्रदेश की जनता इस सरकार को नकारेगी और कांग्रेस को अपना समर्थन देगी। सभी नेताओं ने क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आमजन के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। यह जानकारी डॉ. संजीव राजपुरोहित प्रवक्ता, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी ने दी।

# खेलगांव के तीन खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के महाराणा प्रताप खेलगांव के तीन क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाई है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के लिए इन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कोच शाहरुख़ ख़ान ने बताया कि अर्चना जाट (15 वर्ष) का चयन चित्तौड़ की सीनियर महिला टीम में हुआ है। वहीं दक्ष जैन का चयन डूंगरपुर की अंडर-19 टीम में किया गया है। दक्ष इससे पहले डूंगरपुर की ओर से काल्विन शील्ड प्रतियोगिता में भी खेल चुके हैं। इसके अलावा पीयूष सुथार का चयन राजसमंद की टीम में हुआ है। जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल ने कहा कि खेलगांव में क्रिकेट ग्राउंड और क्रिकेट नेट्स के विस्तार से खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधा मिली है, जिससे लगातार खेलगांव के खिलाड़ी चयनित हो रहे हैं। खेलगांव के सभी प्रशिक्षकों और स्टाफ ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# कार्यशाला में मंत्री खराड़ी बोले- सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने में मीडिया निभाए महती भूमिका




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 22 अगस्त 2025। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर की ओर से शुक्रवार को क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला "वार्तालाप" का आयोजन उदयपुर में हुआ। कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी और उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने भाग लिया। इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया।

**सरकार की योजनाओं के प्रचार में मीडिया की भूमिका**

मुख्य अतिथि मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि पत्रकार तथ्य आधारित रिपोर्टिंग करें ताकि समाज में उनकी विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने अपील की कि मीडिया सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाए, ताकि लोग उनका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है और सेना किसी भी चुनौती का सामना करने में पूरी तरह सक्षम है।

**गलत सूचना से बचाव में मीडिया की जिम्मेदारी**

विशिष्ट अतिथि विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय सोशल मीडिया पर कई भ्रांतियाँ फैली थीं, जिन्हें सरकारी मीडिया ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने आर्थिक रूप से मजबूती हासिल की है और आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने "वार्तालाप" के उद्देश्यों पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं और समसामयिक विषयों की जानकारी जनता तक पहुँचाना ही इस कार्यशाला का उद्देश्य है। उन्होंने प्रेस सेवा पोर्टल, विज्ञापन हेतु टोकन प्रणाली, पत्रकार कल्याण कोष और डिजिटल मीडिया रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी दी। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों के विचार अजित कुमार, अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, राजस्थान अंचल ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 लाख करोड़ रुपये के बजट वाली यह योजना 1 अगस्त 2025 से शुरू होकर 31 जुलाई 2027 तक चलेगी और इसका लक्ष्य 3.5 करोड़ रोजगार सृजित करना है। कनिका कालिया, प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान ने उपभोक्ता सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका पर जोर देते हुए BIS की गतिविधियों और BIS Care App की जानकारी दी। राजकुमार मीणा, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने वित्तीय समावेशन, डिजिटल लेन-देन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण योजना (1 जुलाई 2025 से शुरू) के बारे में बताया और मीडिया से साइबर फ्रॉड रोकथाम में जनजागरूकता फैलाने की अपील की। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय जयपुर के उपनिदेशक धर्मेश भारती ने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला का संचालन एवं आभार केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने किया।

# सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने जन्माष्टमी उत्सव मनाया



**24 न्यूज अपडेट**

सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने होटल रघु महल में जन्माष्टमी उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ लड्डू गोपाल को झूले में बिठाकर और उनकी बहुत सुंदर झांकी सजाकर किया गया। अस्थल आश्रम मंदिर भजन मंडली ने एक से एक भक्ति - भाव भरे मधुर भजन गाए और सभी नारी शक्तियों ने बहुत झूम कर - नाच कर भजनों का आनंद लिया। आरती की गई। फिर भगवान कृष्ण पर आधारित बहुत ही अद्भुत हाउजी गेम खिलवाया गया जो अपने आप में अनोखा था। इस जन्माष्टमी विशेष तंबोला के लिए स्पेशल कार्ड छपवाए गए। जिनमें मोर पंख प्रिंट थे और उन पर नंबर लिखे गए थे। हर गेम के पूरा होने पर गोपी कृष्ण, राधा कृष्ण, गोपी बांसुरी इस तरह के शब्द बोलकर बताना था। 17 पुरस्कार इस गेम के लिए दिए गए। सभी महिलाओं को राधारानी और गोपियों की तरह सज कर आईं। इनमें से बेस्ट ड्रेस के पुरस्कार दिए गए। प्रथम पुरस्कार प्रीति टांक, द्वितीय पुरस्कार गायत्री चौधरी और तृतीय पुरस्कार तृप्ति टांक को दिया गये। बहुत ही स्वादिष्ट - सात्विक भोजन और पेडे, पंजीरी, पंचामृत, केलों के प्रसाद के साथ सभी को विदाई दी गई। इस शानदार कार्यक्रम की आयोजक राजकुमारी, लता, कमला, चंद्रकांता, सुमति, रेखा, रचना, स्मारिका, रेखा और कृष्णा सुहालका थीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष निर्मला जायसवाल ने गणगौर घाट पर होने वाले चुनरी महोत्सव में संगठन की ओर से 5100/- की राशि सहयोग देने की घोषणा की। इसी कड़ी में आगामी कार्यक्रम की आयोजक संस्था उदयपुर ट्रैकिंग ग्रुप ने निर्मला का अभिनंदन ऊपरणा ओढा कर किया और समस्त सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन की सदस्याओं को इस कार्यक्रम में सक्रियता पूर्वक भाग लेने के लिए मनवार की व आमंत्रण दिया। संगठन की सदस्य प्रमिला टांक का जन्मदिन केक काटकर, हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष कल्पना पूर्बिया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और आयोजकों की प्रशंसा की।

# "हज़ारों परिवारों की रोज़ी-रोटी पर संकट, सरकार रॉयल्टी वृद्धि पर पुनर्विचार करेः विश्वराज सिंह मेवाड़"



**24 न्यूज अपडेट**

नाथद्वारा 22 अगस्त। ज़िले सहित समूचे मेवाड़ क्षेत्र में संगमरमर खनन उद्योग लगातार गहरे संकट का सामना कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में मार्बल पर रॉयल्टी दरों में की गई भारी वृद्धि ने इस उद्योग को लगभग ठप कर दिया है। उत्पादन लगातार गिर रहा है, हज़ारों खदान मजदूर रोजगार से वंचित हो रहे हैं और उद्योगपति खदानें बंद करने पर विवश हो रहे हैं।

नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने इस विषय पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सरकार खनन उद्योग की स्थिति को गंभीरता से समझे और तत्काल रॉयल्टी दरों को यथावत रखने अथवा कम करने की दिशा में कदम उठाए। विधायक ने कहा कि – "खनन केवल उद्योगपतियों का सवाल नहीं है, बल्कि यह हज़ारों परिवारों के रोज़गार, क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संतुलन से जुड़ा हुआ विषय है। रॉयल्टी में अनुचित बढ़ोतरी से यह उद्योग प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएगा और वैकल्पिक उत्पादों की ओर रुझान बढ़ेगा, जो हमारे स्थानीय उद्योग और मज़दूरों के लिए विनाशकारी होगा।"

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नई तकनीक और खनन उप-उत्पादों के प्रयोग से पर्यावरणीय और रोज़गार दोनों दृष्टियों से नई संभावनाएँ विकसित की जा सकती हैं, परंतु इसके लिए सरकार को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने राज्य सरकार से माँग की है कि –

1. मार्बल रॉयल्टी दरों में की गई वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाए।
2. खदान मज़दूरों की आजीविका सुरक्षित करने के लिए तात्कालिक समाधान निकाला जाए।
3. खनन उद्योग के दीर्घकालिक विकास हेतु नीतिगत सुधार किए जाएँ।

उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जनता और उद्योग जगत की आवाज़ को वे लगातार मजबूती से उठाते रहेंगे।

# दक्षिण राजस्थान में फसल विविधीकरण पर दो दिवसीय अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर,। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के अनुसंधान निदेशालय द्वारा फसल विविधीकरण परियोजना के तहत अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में 30 सहायक कृषि अधिकारियों और कृषि पर्यवेक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि अधिकारियों को दक्षिण राजस्थान की कृषि व्यवस्था को बदलने के लिए नवीन रणनीतियों से सशक्त बनाना है, ताकि फसल विविधीकरण की चुनौतियों और अवसरों पर गहन चर्चा की जा सके। यह पहल शुष्क दक्षिण राजस्थान में सतत कृषि और ग्रामीण रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उद्घाटन सत्र में परियोजना प्रभारी डॉ. हरि सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण पारंपरिक एकफसली खेती से विविधीकृत प्रणालियों की ओर बदलाव पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि ऐसी प्रणाली न केवल मिट्टी की सेहत में सुधार लाती है, बल्कि जलवायु परिवर्तनशीलता से जोखिम कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक है। उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और बांसवाड़ा जैसे जिलों में जल की कमी और अनियमित मानसून जैसी परिस्थितियों को देखते हुए दालों, तिलहन और बागवानी फसलों को मक्का और गेहूं जैसी मुख्य फसलों के साथ शामिल करना उत्पादकता और रोजगार सृजन के लिए क्रांतिकारी बदलाव साबित हो सकता है। अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविंद वर्मा ने अपने संबोधन में विविधीकृत फसलों के लिए खरपतवार प्रबंधन में उन्नत अभ्यासों पर चर्चा की और बताया कि एकीकृत दृष्टिकोण से उपज हानि को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण, जिसमें चक्रण और अंतरफसल प्रणाली शामिल है, खरपतवार जीवन चक्र को बाधित करता है और रासायनिक खरपतवार नाशियों पर निर्भरता घटाकर सतत प्रबंधन की दिशा में सहायक सिद्ध होता है। प्रोफेसर डॉ. पोखर रावल ने विविधीकृत फसल प्रणालियों के अंतर्गत उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत कृषि अभ्यासों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने फसलों में लगने वाले रोगों और उनके निदान पर विस्तृत जानकारी दी तथा फसलों की देखभाल और उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक विधियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसी क्रम में डॉ. बैरवा ने बागवानी और कृषि फसलों की लागत और लाभ का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सब्जियों, फलों और मसालों जैसी बागवानी फसलों में निवेश सामान्य फसलों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक होता है, लेकिन इनसे मिलने वाला लाभ भी कई गुना बढ़ जाता है।

**कार्यक्रम में विशेषज्ञों का मत रहा कि फसल**

विविधीकरण किसानों के लिए न केवल लाभप्रद सिद्ध होगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। इससे कृषि व्यवस्था दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. जीएल. मीना ने दी।

# श्री कृष्ण छठी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। श्री बिलोचिस्तान पंचायत एवं श्री सनातन धर्म सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार शाम शक्ति नगर स्थित सनातन मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण छठी महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। पंचायत महासचिव विजय आहुजा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने महोत्सव में बड़े उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 बजे भजन-सत्संग से हुआ। इसके उपरांत 8 बजे आरती की गई और 8:30 बजे से देर रात तक लंगर प्रसादी का आयोजन रखा गया, जिसमें उपस्थित धर्मप्रेमियों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आहुजा ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निर्णायक मंडल के जजों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महोत्सव में शहर की विभिन्न पंचायतों एवं संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में भक्तगणों के साथ शामिल हुए और भक्ति रस में सराबोर होकर कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर नानकराम कस्तूरी, प्रतापराय चुग, नरेंद्र खथूरिया, मनोज कटारिया, हेमंत गखरेजा, सुरेश कटारिया, गुरमुख कस्तूरी, विजय आहुजा, सोनू तलरेजा, अशोक खथूरिया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।